प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

31 जनवरी 2025

## अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा ब्याज दरें – जनवरी 2025

जनवरी 2025 माह के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा ब्याज दरों के आंकड़े तालिका 1 से 7 में दर्शाए गए हैं।

**मुख्य बातें:**

**ऋण दरें:**

- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) नवंबर 2024 में 9.40 प्रतिशत से घटकर दिसंबर 2024 में 9.25 प्रतिशत हो गई।
- एससीबी के बकाया रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर नवंबर 2024 में 9.89 प्रतिशत से घटकर दिसंबर 2024 में 9.87 प्रतिशत रह गई।[1]
- एससीबी की एक वर्ष की माध्यिका निधि की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) जनवरी 2025 में 9.00 प्रतिशत पर यथावत रही।

**जमा ब्याज दरें:**

- एससीबी की नई रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) नवंबर 2024 में 6.46 प्रतिशत की तुलना में दिसंबर 2024 में 6.57 रही ।
- एससीबी की बकाया रुपया मीयादी जमा पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) दिसंबर 2024 के अंत में 7.00 प्रतिशत (नवंबर 2024 के अंत में 6.98 प्रतिशत) रही।[1]

**अजीत प्रसाद**
उप महाप्रबंधक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2060**

---
[1] बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है।